<u>सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य फिट इंडिया पीटी डिस्पले</u>

सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य पी0 टी0 डिस्प्ले का आयोजन किया गया। फिट इंडिया विचार को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ भारत तथा जल संरक्षण रहा। कार्यक्रम को दो चरणों में बांटा गया। प्रथम दिवस 7 फरवरी को प्राइमरी कक्षाओं के लिए आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विषय प्रेम प्रकाश हाबिल, मेजर जनरल संजय कुमार, विद्यार्थी (एस0 एम0) डॉ अविनाश चंद्र एवं श्री आशीष पाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। देश समाज तथा विद्यालय की सुख-समृद्धि की प्रार्थना के साथ कार्यक्रम में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। क्रीड़ा ध्वज का ध्वजारोहण डॉ अविनाश चंद ने किया।

माननीय बिशप श्री प्रेम प्रकाश हाबिल जी ने मशाल जलाकर कार्यक्रम को गति प्रदान की। इस अवसर पर स्कूल बैंड, आर्मी बैंड, का भी आनंददायक प्रस्तुतीकरण किया गया। सभी गणमान्य अतिथियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर वातावरण को प्रफुल्लता तथा उल्लास से भर दिया। प्राइमरी के नन्हे-मुन्नों ने अत्यंत मनोहारी नृत्य द्वारा मानो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नुक्कड़ नाटक तथा नृत्य नाटिका के द्वारा जल संरक्षण का संदेश दिया गया। "जल संरक्षण" पर ही "जल दे" गीत पर भव्य नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्य कार्यक्रम में फिट इंडिया मोदी जी द्वारा चलाए गए कैंपेन के तहत मार्च पास्ट तथा भिन्न प्रकार की रेस कराई गई। "प्यासा कौवा" रेस ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। ट्राई साइकिल रेस में सभी प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। रिले रेस, पी0टी0 डिस्प्ले, बास्केटबॉल के द्वारा जॉनियनस ने "स्वस्थ इंडिया" की और कदमताल किया। चीयर लीडर्स ने बीच-बीच में सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्नों "अर्थ" डांस की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी जिसमें उन्होंने बताया कि धरती की रक्षा हेतु हमें आगे बढ़कर सहयोग करना होगा। स्केटिंग रेस, योगा, आदि कार्यक्रमों के द्वारा कार्यक्रम में चार चाँद लग गए। इसी कार्यक्रम में कक्षा दस तथा बारह के प्रतिभाशाली छात्रों को माननीय बिशप प्रेम प्रकाश हाबिल तथा अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया।